## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने रविवार को कोंटा विकासखंड के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र कोलाईगुड़ा का औचक निरीक्षण किया। संस्थागत प्रसव से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई और दवाओं की उपलब्धता के निर्देश दिए।

### इंदिरा स्टेडियम में शतरंज प्रतियोगिता होगी 3 मई से

**जगदलपुर।** जिला शतरंज संघ बस्तर, अंडर 7, अंडर 9 ,अंडर 11 और अंडर 13 आयु वर्ग में 3 मई को प्रात 10 बजे से इंदिरा स्टेडियम के चेस क्लब में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता तीन राउंड में खेली जाएगी। टूनार्मेंट की फीस 300 प्रति खिलाड़ी रखी गई है। भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 3 मई को स्टेडियम पहुंचकर सीधे शामिल हो सकते हैं। खिलाड़ियों को चेस बोर्ड लेकर उपस्थित होना है। इस टूनामेंट में प्रत्येक आयु वर्ग में प्रथम दो स्थान पर आने वाले बालक -बालिका बस्तर जिले का प्रतिनिधित्व बेमेतरा में होने वाले राज्य स्तरीय टूनार्मेंट में करेंगे । प्रतियोगिता में कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। 25 अप्रैल से चेस क्लब में शतरंज का समर कैम्प लगाया गया है, इच्छुक खिलाड़ी समर कैम्प में आ सकते है। यह जानकारी जिला शतरंज संघ अध्यक्ष शशांक श्रीधर ने दी है।

### श्रमिक दिवस पर 1 मई को होगी आमसभा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मकार श्रमिक कल्याण संघ मजदूर दिवस पर 1 मई को आमसभा का आयोजन करेगा। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार टाऊन हाल में प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक कार्यक्रम चलेगा। जहां आने वाले मजदूरों को कृषि और श्रम विभाग की जानकारी दी जाएगी। श्रमिक संघ के नेता मजदूरों को उनके अधिकार और शक्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष रघुनाथ नागेश ने दी है।

### तीन मई को शहर से गुजरेगी अखंड ज्योति

**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ में रविवार दोपहर को बैठक हुई। इस बैठक में जम्मू कश्मीर में हिंदू पर्यटकों की आतंकवादियों ने जो हत्या की उसकी निंदा की गई। इसके बाद सभी परिजन ने दो मिनट का मौन धरकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए लिए प्रार्थना की गई। सभी ने एक सुर में कहा आतंकवाद का मुकाबला कड़ाई से करना है। इसके लिए प्रत्येक सनातनी को आतंक से जूझना होगा। इसके बाद परिजन ने आगामी 3 मई को शहर में अखंड ज्योति कलश यात्रा के पहुंचने की जानकारी दी गई। बताया गया कि अखंड ज्योति रथ यात्रा हरिद्वार से चलकर देश भर की यात्रा पर है। इसी संदर्भ में सभी जिलों में यह यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा का समापन आगामी वर्ष होना है। इस यात्रा के स्वागत व इसके उद्देश्य को लेकर सर्व हिंदू समाज, सक्षम संस्था, बजरंग दल समेत अन्य हिंदूवादी संगठनों से चर्चा की गई। सभी जनों ने यात्रा का स्वागत करने सहयोग देने पर सहमति जताई है।

# तीन दिवसीय जीवन विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में अणुव्रत विश्व भारती समिति जीवन विज्ञान विभाग शाखा रायपुर द्वारा तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि कमल जैन राष्ट्रीय सह संयोजक अणुव्रत विश्व भारती, ललिता मुख्य प्रशिक्षक एवं मीना योग प्रशिक्षक के साथ प्राचार्य नरहरि पटनायक, उपप्राचार्य नासिर खान, आईटीआई के प्राचार्य विजय प्रधान के साथ शाला संचालक डॉ आभास अग्रवाल तथा समिति के सदस्य मुस्ताक हुसैन उपस्थित थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक डॉ आभास अग्रवाल के उद्बोधन जीवन विज्ञान प्रशिक्षण की आवश्यकता विषय के साथ की गई। पश्चात मुख्य प्रशिक्षक ललिता एवं मीना द्वारा जीवन विज्ञान गीत का गान किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम 12 खंड में विभाजित थे। जिसमें प्रार्थना, आसन, महाप्राण ध्वनि, कायोत्सर्ग, दीर्घ स्वास प्रेक्षा ज्ञान केंद्रो का ध्यान संकल्प, शरीर विज्ञान, नैतिक मूल्य एवं अहिंसा विषयों को लेकर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिए गए। कार्यक्रम में प्रतिभा पब्लिक स्कूल सरायपाली, बसना एवं आईटीआई सरायपाली तथा प्रतिभा कॉलेज आफ बीएड एजुकेशन के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर उनमें अनुशासन, धैर्य, दया, प्रेम अहिंसा, आत्मविश्वास जैसे मानवीय मूल्यों को पोषित कर एक सुदृढ़ एवं खुशहाल राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करना है। जीवन में जीवन विज्ञान को अपनाकर कलात्मक विधि से जीवन को जीना है। संपूर्ण कार्यक्रम व्यवस्थित एवं अनुशासित विधि से संपादित हुआ। जिसमें तीन दिनों तक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दी। विद्यार्थियों को जीवन विज्ञान का प्रशिक्षण देने के लिए संकल्प किया। प्राचार्य नरहरि पटनायक ने शाला में जीवन विज्ञान लागू करने के लिए आश्वासन दिए। कार्यक्रम के अंतिम दिवस में अणुव्रत विश्व भारती के राष्ट्रीय संयोजक रमेश, छत्तीसगढ़ प्रभारी सुरेंद्र ओसवाल के साथ हंसा संचेती वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा जोड़कर शिक्षक शिक्षिकाओं के अनुभवों को साझा किया। शिक्षकों के प्रशिक्षण में सभी प्रकार के सहयोग देने के लिए आश्वासन दिए। शाला की ओर से शिक्षक जुगल भोई ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद प्रेषित की। कार्यक्रम में शिक्षक नवीन कर, सुशील महापात्र, भोपाल नायक प्रबंधक हामिद खान, चालक तथा परिचालक विभाग का सहयोग सराहनीय रहा।

# तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से फसल हो गया चौपट, मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के किसान धूमधाम से अक्ती त्यौहार मनाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन वहीं प्रदेश के कुछ जिलों में मौसम ने करवट ली है, जिसकी वजह से बारिश और ओले गिरने से किसानों में मायूसी छा गई। बारिश और ओले की वजह से खेतों में लगे फसल खराब हो रहे हैं। किसानों को इससे गंभीर नुकसान हुआ है। तेज हवा, बारिश और ओलों से खड़ी फसल गिर गई है। महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले के अनेक गांव में ओलावृष्टि से किसानों की फसल खराब होने की जानकारी मिली है। किसान पहले से भारी आर्थिक तंगी से गुजर रहा है और अब इस प्राकृतिक आपदा की वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने का काम शासन तत्काल प्रारंभ करें।

डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि रबी फसल जिले के हजारों किसानों का तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। यहां के किसानों के समक्ष अब आर्थिक संकट पैदा हो गया है। कई किसान ऋण लेकर खेती कर रहे थे, लेकिन बारिश के कारण फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है। ऐसी उम्मीद किसानों को नहीं थी। डॉ रश्मि ने जिला प्रशासन से विज्ञप्ति जारी कर बेमौसम हुए बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर मुआवजा और आर्थिक सहायता की मांग की है।

बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से आम के फल भी बर्बाद हो गए। इस बार आम की बेहतर पैदावार की उम्मीद थी। फलों से आम के पेड़ लदे थे। लोगों को उम्मीद थी कि आम इस बार किसानों को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। आम के पेड़ों पर लदे आम नष्ट हो गए। लेकिन ओलावृष्टि के कारण सब कुछ नष्ट हो गया। एक झटके में सबकुछ समाप्त हो गया। डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि किसान फसलों की देखभाल बच्चों की तरह करते हैं। लेकिन एक झटके में सबकुछ समाप्त हो गया। खेतों में जो भी लगा था सब नष्ट हो गया। कर्ज लेकर किसानों ने खेती बारी किये थे, लेकिन सब खत्म हो गया और अब कर्ज के बोझ से दब गए हैं। मुआवजा राशि मिलनी चाहिए। क्योंकि ये प्राकृतिक आपदा थी। किसानों को भारी नुकसान हुआ है। चार महीने की मेहनत के बाद अचानक हुई इस बारिश ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है। मुआवजे की प्रक्रिया के लिए प्रशासन ध्यान दें। किसानों को दफ्तरों के चक्कर लगाने न पड़े। अधिकारी तत्काल मौके पर जाकर किसानों की खराब हुई फसल का मुआयना करें और नुकसान की रिपोर्ट बनाकर शीघ्र सरकार को भेजें। ताकि, किसानों को मुआवजा जल्दी मिल सके।

# कुर्मी समाज अधिवेशन में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

चंद्रनाहू क्षत्रिय कुर्मी समाज रायपुर राज का ग्राम पारागांव में दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 2025 का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि राजस्व व खेल मंत्री टंक राम वर्मा रहे। वहीं द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रहे। अधिवेशन में महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर का सम्मान किया गया।

# शेर स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

28 अप्रैल को शेर स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हितेंद्र शर्मा प्रधान पाठक थे। अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य एसबी लाल ने की। परीक्षा प्रभारी रोहित मिश्रा द्वारा परीक्षा परिणाम की जानकारी दी गई। जिसमें ग्यारहवीं में प्रथम टाकेश (82.2 प्रतिशत), द्वितीय सेवती (76.8 प्रतिशत), तृतीय तनु (74.8 प्रतिशत), चतुर्थ मुस्कान व पंचम स्थान इंद्रकुमार तथा नवमी में प्रथम ऐश्वर्या ( 96.5 प्रतिशत), द्वितीय भाग्य ( 92 प्रतिशत), तृतीय स्थान खुशी (91 प्रतिशत) ने प्राप्त किया। सबसे ज्यादा उपस्थिति का पुरस्कार नवमी से कमलेश, मानसी, हुलसी, लक्ष्मी तथा ग्यारहवीं से भावना तथा गितेश प्रदान किया गया। 9वीं बी में प्रथम



राजेश्वर, नवमी कृषि में प्रथम तरुण, ग्यारहवीं गणित संकाय में प्रथम डिगेश, जीवविज्ञान में प्रथम मनीषा व सुनैना को पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा 11वी बैंकिंग की छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप सर्टिफिकेट वितरण किया गया। उक्त जानकारी शिक्षक दीपक शर्मा ने दी। इस समारोह को सफल बनाने में शिक्षक दिलीप छत्रे, टोहन देवांगन, शोभा दीवान, दिव्या ताम्रकार, उमाशंकर पटेल, मधुमति डहरिया, दिनेश सोनी, भुवन साहू, कोमल साहू, संगीता टांडेकर, रेणुका शर्मा, सुषमा साहू, रिचा पटेल, मोनिका मोंगरे, आशा सिन्हा, नरेश विश्वकर्मा, डोमेश्वरी साहू, हेम कुमारी नेताम, पद्मा दीवान, सलिल चौधरी, समीम कौसर, अनिता दीवान, गायत्री, दीपांशु का योगदान रहा।

# लक्की ड्रा के माध्यम से कक्षा पहली के विद्यार्थियों का हुआ चयन

**महासमुंद।** पीएमश्री बृजराज में लक्की ड्रा के माध्यम से कक्षा पहली के विद्यार्थियों का चयन हुआ। ज्ञात हो कि विकासखंड महासमुंद में एकमात्र सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित शासकीय स्कूल में 40 सीट के लिए 55 फॉर्म एड्मिशन के लिए आया था। जिसमें 20 सीट लड़कियों, 15 सीट लड़कों एवं 5 सीट दिव्यांग एवम माता या पिता की मृत्यु वाले छात्रों का लक्की ड्रा के माध्यम से चयन हुआ। इस अवसर फॉर्म भरे हुए सभी पालक उपस्थित रहे। उनके द्वारा ही पर्ची निकालकर छात्रों का ड्रा निकाला गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि वार्ड 15 के पार्षद ईश्वरी संजय भोई ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वो स्वयं दिव्यांग है और दिव्यांगों के लिए विशेष सीट आरक्षित होने पर निश्चित ही अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा का लाभ प्राप्त होगा। संजय भोई ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि वे स्वयं इस विद्यालय के छात्र रहे और दिव्यांग होते हुए भी पूरे स्नातक तक पढ़ाई किये है। अतः दिव्यांगता शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई बाधा नही बननी चाहिए। शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिग्विजय साहू पूर्व जनपद सभापति ने सभी चयनित होने पर हर्ष जताते हुए पालकों से बच्चों की उपस्थिति, उनकी गुणवत्ता, स्कूल और समुदाय की सहभागिता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि अजय चोपड़ा, संजय भोई प्रधान पाठक, विजयलक्ष्मी चंद्राकर, नरेश साहू, शिक्षकगण मनीषा साहू, देवेंद्र ठाकुर, नेहा चंद्राकर, बिमलेश्वरी दुबे, स्वाति सिन्हा, सुशांत शेखर, सफाईकर्मी लक्ष्मी साहू, मुन्ना साहू आदि मौजूद रहे।

# अनेक गांवों में पहुंची ज्योति कलश यात्रा

**महासमुंद।** गायत्री परिवार के संरक्षक गुरुदेव पं. राम शर्मा आचार्य की धर्मपत्नी माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी तथा गुरुदेव की ज्योति शताब्दी के पावन अवसर पर आयोजित ज्योति कलश यात्रा के चौथे एवं पांचवें दिवस (26 अप्रैल) को यात्रा ग्राम लाफिनखुर्द, चिंगरौद रोड, बम्हनी, बेमचा, परसदा, कौन्दकेरा, तुमगांव, बिरकोनी, घोड़ारी, मुढ़ेना आदि गांवों में पहुँची।

इस दिव्य यात्रा में लगभग 1100 श्रद्धालुओं ने अखंड दीप ज्योति कलश के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सभी उपस्थितजनों को युग साहित्य का निःशुल्क वितरण किया गया। ग्राम लाफिन में उपसरपंच शिव निषाद, हेमलाल, शिव कन्नौजे एवं कार्तिक यादव ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। वहीं चिंगरौद व बम्हनी में भी ग्राम प्रमुखों एवं गायत्री परिजनों द्वारा पूजन कर शांतिकुंज का संदेश श्रवण किया गया। 27 अप्रैल 2025 को यात्रा अछोला, अछोली, जोबा, गढ़सिवनी, पीढ़ी तथा सिरपुर पहुंची। इन ग्रामों में 370 अखंड ज्योति, 250 संकल्प पाठ, 300 नग चालीसा एवं पॉकेट बुक्स का वितरण किया गया। कुल मिलाकर लगभग 476 श्रद्धालु इस आयोजन में सहभागी बने। ग्राम सिरपुर में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों के साथ पुकलाल, नाथूराम साहू, बिसाहा राम साहू, लालजी साहू, जगदीश, रति राम, जीवनलाल साहू, धनेश्वर, डोमार राम, मोतीराम, लोकेश, नेतराम, मुरलीधर, नारायण धीवर, कुमारी काजल, गायत्री साहू, कांति, दुलारी घसनिन, पिंकी, ममता, अरुणि विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर सत संकल्प पाठ का सामूहिक वाचन किया। इस आयोजन में ग्राम सिरपुर के सरपंच संतोष साहू एवं उपसरपंच विश्वनाथ रैला का विशेष योगदान रहा। ग्राम अछोला में भी 270 संकल्प पाठ, अखंड ज्योति चालीसा व पॉकेट बुक्स का वितरण हुआ। पूरी यात्रा के दौरान अनिल कुमार उइके एवं ओमप्रकाश साहू ने वाहन संचालन का उत्तरदायित्व निभाया।

# मचेवा में हुआ बोर खनन, पेयजल संकट से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भीषण गर्मी के मद्देनजर ग्राम मचेवा में बोर खनन होने से ग्रामीणों को राहत मिलने वाली है। दरअसल, ग्राम पंचायत मचेवा के ग्रामीणों ने गर्मी में पानी की समस्या न हो इसके लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के समक्ष गांव में बोर खनन की मांग की थी। मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक सिन्हा ने अनुशंसा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव को स्वीकृति के लिए पत्र लिखा। मंत्री की ओर से स्वीकृति मिलने के बाद खनन हुआ। गांव में दो स्थानों में बोर



खनन हुआ है। इस कार्य के लिए ग्राम सरपंच प्रमिला संजय ध्रुव, उपसरपंच जितेंद्र कुमार साहू सहित समस्त पंचगण एवं ग्रामवासियों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया है।

ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में ग्राम पंचायत कार्यालय एवं महर्षि विद्या मंदिर के पास बोर खनन हुआ है। आगे बताया कि गर्मी में उन्हें पेयजल एवं निस्तारी की समस्या होती थी। इस कारण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से गांव में बोर खनन की मांग की थी। अब बोर खनन होने के बाद पेयजल की समस्या नहीं होगी। भीषण गर्मी में भी उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। साथ ही कुछ दिनों पहले विधायक ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कोडार बांध से गांवों में निस्तारी के लिए पानी देने निर्देशित किया था। जिसके बाद गांव के दो तालाबों को नहर के माध्यम से भरा गया है। इससे निस्तारी की समस्या भी नहीं होगी।

# सफाई दीदीयों एवं मित्रों में अवकाश को लेकर खुशी की लहर: राठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर पालिका परिषद के सफाई दीदीयों एवं मित्रों का सप्ताहिक अवकाश मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जारी किया गया। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि सीएमओ ने फोन कर बताया कि शासन के आदेश पर शनिवार से रोटेशन में अवकाश देना प्रारंभ कर दिया गया। गौरतलब है कि शासन द्वारा डेढ़ माह पूर्व ही सफाई मित्रों एवं दीदीयों को सप्ताहिक अवकाश एवं माह में एक दिन का ऐच्छिक अवकाश देने की घोषणा राजपत्र में जारी किया गया था। आदेश आने के बावजूद भी नगर पालिका द्वारा लागू नहीं किया जा रहा था। उपाध्यक्ष पदभार ग्रहण के दिन सीएमओ



को निर्देश देने के बाद 15 दिन के अंदर अवकाश घोषित किया गया। पहले पालिका द्वारा एक रिक्शा में चलने वाले दो महिलाओं में एक को अवकाश दे रहे थे, जो शासन के मंशानुसार नही था। सीएमओ को कहा गया है कि एक रिक्शा में चलने वाले दो महिलाओं को सप्ताह में पूरा एक अवकाश दिया जाए। अब चार एनयूएलएम सेंटर में प्रतिदिन दो रिक्शा चलाने वाले सफाई मित्र एवं सफाई दीदीयों को पूरा अवकाश रहेगा। प्रतिदिन 8 रिक्शा वाले अवकाश पर रहेंगे। सीएमओ को निर्देश दिया गया कि शासन द्वारा ड्रेस, जूता, ग्लब्स व अन्य सामग्री दी जा रही है, उसे भी दिया जाए। अवकाश से सफाई दीदी एवं मित्रों में खुशी की लहर है। अब अवकाश के कारण ड्यूटी अवधि में कार्यक्षमता बढ़ेगी। सफाई दीदीयों ने भी गुलदस्ता भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। नपाउपाध्यक्ष राठी ने छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं शासन के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान वार्ड नं. 26 के पार्षद पीयूष साहू, भाजपा नेता हनीष बग्गा, गौरव राठी, रोशन बग्गा एवं सार्थक साहू उपस्थित रहे।

# तेजराम बने सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की जिला स्तरीय बैठक सांस्कृतिक भवन गुरु घासीदास वार्ड महासमुंद में जिलाध्यक्ष दाऊ विजय बंजारे की अध्यक्षता व दिनेश बंजारे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युथ, खोशिल गेंड्रे जिला उपाध्यक्ष की विशेष अतिथि एवं जिला, ब्लॉक पदाधिकारियों की उपस्थिति में निर्वाचन के लिए आहूत की गई।

बैठक की शुरुआत गुरु घासीदास बाबा की पूजा अर्चना से हुई। दिनेश बंजारे ने युवाओं की भटकाव की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए समाज को संगठित करने आगे आकर नेतृत्व करने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने युवा वर्ग को समाज की प्रमुख पावर सेंटर बताते हुए संगठित एवं प्रशिक्षित कर शिक्षा रोजगार उपलब्ध कराने की योजना बनाकर सही दिशा में युवाओं की ऊर्जा खर्च करने की बात कही। खोशिल गेंड्रे व अन्य पदाधिकारियों ने भी युवाओं को आगे आने संबोधित किया। निर्वाचन अधिकारी एवं जिला सचिव रेखराज बघेल ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष के पद पर तेजराम चौलिक टुरीडीह झलप, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष महेश जोशी खट्टी तथा संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष के पद पर चमन कुर्रे भलेसर को मनोनयन की घोषणा की। साथ ही बाकी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी की विस्तार करने की अनुमति दी गई। बैठक में भोजनाथ मधुकर जिला सहसचिव, डॉ विजय चतुर्वेदी, घनश्याम जांगड़े जिला कार्यकारिणी सदस्य, चित्र कुमार भारती ब्लॉक अध्यक्ष, हर्ष प्रताप मन्नाडे संघर्ष समिति ब्लॉक अध्यक्ष, फणेंद्र बंजारे शिक्षा प्रकोष्ठ



अध्यक्ष, लक्ष्मण रात्रे, घनश्याम भारती अठगंवा अध्यक्ष, देवकुमार जोशी, दशरथ गायकवाड़, आत्माराम मारकंडेय, रामनारायण जांगड़े, चुम्मन घृतलहरे, सोनू टंडन, भरत गेंड्रे, खूबचंद भारती, राहुल आवड़े, महेंद्र सूर्यवंशी, राजकुमार कुर्रे, परेश पात्रे, राजेश मार्कंडेय, हरक मन्नाडे, दुर्गा प्रसाद मार्कंडेय एवं समाज के युवा वर्ग उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सोमनाथ टोंडेकर ने दी।

# शांत्रीबाई महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बागवानी बनाने के तरीके सीखे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय महासमुंद की प्राचार्य डा. सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं सहायक प्राध्यापक लुकेश साहू के निर्देशन में महाविद्यालय के बीए/बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने एनईपी 2020 पाठ्यक्रम में सम्मिलित नए शिक्षण प्रणाली-कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम (एसईसी) अंतर्गत विषय-बागवानी एवं फूलों की खेती के बारे में जानकारी के लिए सात दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण ग्राम मोंगरा एवं बम्हनी का किया।

शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत मोंगरा गांव में स्थित आदिश्वर राइस मिल के बागवानी का 4 दिवसीय अवलोकन किया। जिसमें बागवानी बनाने के तरीके जैसे-हेज पौधे, पाम, गुलाब, कॉरपेट ग्रास आदि को व्यवस्थित रुप से लगाकर एक सुंदर बागवानी कैसे तैयार किया जाता है, कैसे पौधों को व्यवस्थित क्रम में लगाया जाता है, बागवानी तैयार करने से पहले बागवानी बनाने के स्थान के अनुरुप उनको आकार देकर उचित खाद, सिंचाई, रख-रखाव व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। बागवानी की अगली कड़ी में छात्रों ने ग्राम बम्हनी स्थित शासकीय उद्यानीकि विभाग द्वारा संचालित नर्सरी का तीन दिवसीय भ्रमण किया। प्रथम दिवस नर्सरी में स्थित सजावटी पौधों, फलदार वृक्ष, औषधि पौधों के जानकारी एवं आधुनिक तकनीकि द्वारा पौधों को कैसे तैयार किया जाता है यह सीखा। दूसरे दिवस छात्रों ने पौधों में गुटी बांधना, ग्राफटिंग करना, बडिंग करने के तरीके सीखे। तीसरे दिवस पौधों को लगाने के लिए मृदा प्रबंधन, खाद, सिंचाई, कौन से मौसम में किस फूल की खेती की जाए, जिससे किसानों को उचित दाम मिल सके एवं वर्तमान में भारत में बढ़ रही फूलों की मांग जिससे परंपरागत की जाने वाली धान की फसलों को छोड़कर फूलों की खेती करें और ज्यादा आमदनी हो उसके बारे में सविस्तार जानकारी प्राप्त किया। नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम (एसईसी) अंतर्गत विषय-बागवानी एवं फूलों की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त कर छात्रों के मन में भविष्य में फूलों की खेती के प्रति लगाव एवं उत्सुकता देखी गई। छात्र-छात्राओं को सविस्तार जानकारी प्रदाय करने के लिए महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक लुकेश साहू ने बागवानी विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक छबिराम साहू का आभार व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं के साथ बागवानी एवं फूलों की खेती सीखने के उद्देश्य से महाविद्यालय के स्टाफ नारायण चक्रधारी, रेशमलाल साहू, गुलाब चंद्राकर, लीना साहू शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हुई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी घनश्याम साहू ने दी।



## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों का दस दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) एवं राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन द्वारा संचालित नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम कृषि एवं बैंकिंग के विद्यार्थियों का 10 दिवसीय 80 घंटे का इंटर्नशिप कार्यक्रम समापन के पश्चात स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों का 10 दिवसीय इंटर्नशिप वेद माता गायत्री गौशाला ग्राम भलेसर एवं चंद्राकर कृषि फार्म कनेकेरा में आयोजित किया गया। बैंकिंग के विद्यार्थियों को बैंक ऑफ़ बड़ौदा में इंटर्नशिप कराया गया। 10 दिवस पूर्ण होने के पश्चात सभी को मानदेय राशि एवं प्रमाण पत्र संस्था के प्राचार्य एचके आचार्य, उपप्राचार्य सीएल चंद्राकर एवं सभी वरिष्ठ व्याख्याताओं की उपस्थिति में प्रदान किया गया। बच्चों को इंटर्नशिप के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षक कृषि बसंत कुमार साहू एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक बैंकिंग श्वेता चंद्राकर द्वारा इंटर्नशिप के दौरान किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के अध्यक्ष राजेश लूनिया, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर मौजूद थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात विद्यालय के परीक्षा प्रभारी मनोज साहू द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 89.37 प्रतिशत रहा। कक्षा अरुण में प्रथम पुष्कर यादव, द्वितीय लीशिका दीवान, तृतीय खुशमिता साहू, कक्षा उदय में प्रथम वेदिका साहू, द्वितीय मान्या ध्रुव, तृतीय नव्या गोस्वामी, कक्षा प्रथम में फ्रांसी ध्रुव, द्वितीय शौर्य भारती गोस्वामी, तृतीय भव्या दीवान, कक्षा द्वितीय में प्रथम अंजली मधुकर, द्वितीय विनय श्रीवास, तृतीय डीकांसी सोनवानी, कक्षा तृतीय में प्रथम आयुष चक्रधारी, द्वितीय सुमन साहू, तृतीय डोमेश कुमार सिन्हा, कक्षा चतुर्थ में प्रथम शुभम महानंद, द्वितीय स्थान वैभव साहू, तृतीय स्थान दिव्यांश साहू रहे। इसी प्रकार कक्षा षष्ठ में प्रथम अंश कुमार साहू, द्वितीय भीमेश कुमार सेन, तृतीय कुमकुम चक्रधारी, कक्षा सप्तम में प्रथम दोनिशा साहू, द्वितीय अमन कुमार निषाद, तृतीय धनंजय सिन्हा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा नवम एवं एकादश का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें नवम से प्रथम भूमिका साहू ने 90.50 प्रतिशत, द्वितीय जीविका देवांगन 86.33 प्रतिशत, तृतीय स्थान निहाल पटेल 86.17 प्रतिशत ने प्राप्त किया। कक्षा एकादश से प्रथम स्थान खेमचंद साहू 82.20 प्रतिशत, द्वितीय योगिता ध्रुव 81.80 प्रतिशत, तृतीय स्थान खुशबु यादव 81.40 प्रतिशत ने प्राप्त किया। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को राजेश लूनिया द्वारा शील्ड एवं प्रगति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शेष छात्र छात्राओं को प्रगति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष लुनिया द्वारा सभी उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को बधाई देते हुए कहा कि जो भैया-बहन स्थान आने से चूक गए



हैं वह अगले वर्ष पुनः प्रयास करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

आभार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर ने कहा कि किसी भैया बहन के परीक्षा परिणाम में अंतर आया है वह निराश ना हो, अगले वर्ष पुनः प्रयास करें सफलता जरूर मिलेगी। साथ ही परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान आने वाले भैया बहनों को मेधावी परीक्षा में सम्मिलित होने की जानकारी दी, जो 9 मई को आयोजित है। कार्यक्रम का संचालन परीक्षा प्रभारी वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू ने किया। परीक्षा में छात्रों के उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के संरक्षक मोहन चोपड़ा, अध्यक्ष राजेश लूनिया, उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, सचिव घनश्याम सोनी, सहसचिव गोवर्धन प्रधान, कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, समिति के सदस्य डॉ.अनिल अग्रवाल, धर्मेंद्र महोबिया, महेश चंद्राकर, डॉ.विमल चोपड़ा, दुवन चंद्राकर, भारती गुप्ता, मनीषा ढोक, उत्तरा प्रहरे, दुर्गेश चंद्राकर, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शिवकुमार कन्नौजे, बलराम सेन, आचार्य किरण कुमार साहू, हेमंत साहू, तुलसीराम पटेल, अश्वनी साहू, कुंजलाल पटेल, दिलीप टंडन, पवन निर्मलकर, अजय कुमार तांडी, दुर्गेशनंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, अनुराधा चंद्राकर, तारिणी गोस्वामी, किरण सोनी, गुरुवारी सोनी, मल्लिका चंद्राकर, निशा गोस्वामी, टिकेश्वरी चंद्राकर, तनुजा साहू, संतोषी साहू, अर्चना साव, तनुजा साहू, साक्षी घोड़ीचोरे, ललित कुमार सिन्हा, अजीत राम साहू, हेमलाल चंद्राकर एवं विद्यालय के समस्त दीदी आचार्य ने हर्ष जताया है।

# पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने की आयोग अध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



बसना विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिह छाबड़ा को अल्पसंख्यक आयोग छत्तीसगढ़ का अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रतिदिन छाबड़ा को बधाइयां देने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से सामाजिक बंधु एवं युवा मोर्चा सहित अल्पसंख्यक वर्ग के लोग व जनप्रतिनिधि पहुंच रहे हैं।

अमरजीत सिंह छाबड़ा भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता रहे हैं। एक वकील होने के नाते उन्हें कानून व्यवस्था की जानकारियां हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताकर उन्हें बसना विधानसभा जैसे संवेदनशील सीट में बतौर प्रभारी बनाकर भेजा। जहां उन्होंने बसना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के साथ योजनाबद्ध तरीके से भाजपा की लोकप्रियता व विजय के लिए गांव शहर, विभिन्न दूर दूरांचल, वनांचल क्षेत्रों का सघनता के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ, ज्येष्ठ श्रेष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं अनुसांगिक संगठन के स्वयंसेवकों एवं सभी समाज प्रमुखों के साथ बैठकर शीर्ष नेतृत्व की दिशानिर्देश से बसना विधानसभा में कमल खिलाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। परिणाम आज सामने है। ऐसे ही अनेक मिशन में वे सदैव पार्टी हित में अपना योगदान दिया है। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मंत्री मण्डल व विभाग विस्तार में उन्हें जगह मिली है। इसी तारतम्य में पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने उनके कार्यकाल पहुँचकर पुष्प गुच्छ भेंट कर हर्ष जताया। इस दौरान पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान, प्रदेश कोषाध्यक्ष आरबी वर्मा, प्रदेश सचिव आरके दास, संभाग महासचिव अभय धृतलहरे, सदस्य मनोज शर्मा, हनुमान नायक व दिनेश नामदेव उपस्थित रहे।

## जन्मदिन पर बैनर, पोस्टर, आतिशबाजी ना करें कार्यकर्ता : नपाध्यक्ष



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अपने जन्मदिन 1 मई 2025 के अवसर पर कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की आतिशबाजी करने व शुभकामना संदेश की बैनर, पोस्टर आदि नहीं लगाने की अपील की है। साहू ने कहा कि नगर व क्षेत्र की हित उनकी प्राथमिकता है। वे अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण तरीके से मनाएंगे। 1 मई को अपने जन्मदिन पर नपाध्यक्ष मां महामाया की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लेंगे। पश्चात दोपहर 12 बजे टाउन हॉल में कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों से मुलाकात करेंगे। वहीं दोपहर 1 बजे नेहरू चौक में आयोजित जनसेवा भंडारा कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों व क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि नगर हित में सहयोग ही मेरे लिए जन्मदिन की बधाई के बराबर है। साथ ही आतिशबाजी, पटाखे चलाकर अनावश्यक खर्च नहीं करने की भी अपील की है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार भंवरपुर जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार//
क्रमांक / 162/क/वा-1/तह./2025
दिनांक 25/04/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि आवेदक नितिन जगत पिता नेहरु जगत निवासी ग्राम/नगर बुटीपाली तहसील बसना द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक अपने दादी मां पिरीत कुंवर का दिनांक 12/03/2009 को स्थान बुटीपाली में मृत्यु हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में दादी मां पिरीत कुंवर की मृत्यु की घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक-09/05/25 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 25/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार भंवरपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार भंवरपुर जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार//
क्रमांक / 160/क/वा-1/तह./2025
दिनांक 25/04/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि आवेदक नितिन जगत पिता नेहरु जगत निवासी ग्राम/नगर बुटीपाली तहसील बसना द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक अपने दादा भोलो का दिनांक 06/04/2010 को स्थान बुटीपाली में मृत्यु हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में दादा भोलो की मृत्यु की घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक-09/05/25 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 25/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार भंवरपुर









**खबर संक्षेप**



## भगवान परशुराम का प्राकट्य दिवस कल 3 मई को शोभायात्रा

**महासमुंद।** सर्व ब्राह्मण समाज महासमुंद के तत्वावधान में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का प्राकट्य दिवस 30 अप्रैल बुधवार को प्रातः 9 बजे आश्रम रोड स्थित ब्रह्म निवास में मनाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि समाज भवन ब्रह्म निवास में प्रातः 9 बजे से विद्वान पुरोहितों के मंत्रोचार के साथ विप्रजन पूजा अर्चना व भगवान विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करेंगे। तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं बरोंडा चौक स्थित मनीष इलेक्ट्रिकल शॉप के सामने आम जनों को ठंडा शरबत पिलाया जाएगा। इसी प्रकार भगवान परशुराम के पराक्रम को प्रदर्शित करते हुए 3 मई शनिवार को शाम 5 बजे समाज भवन से भव्य शोभायात्रा शहर भ्रमण करते हुए सिटी स्पोर्ट क्लब पहुंचेगी, जहां बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले विप्रजनों का सम्मान किया जाएगा। भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। तिवारी ने सामाजिकजनों से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## कक्षा आठवीं में ओजस्वी को मिला 99.3 प्रतिशत

**नर्रा।** कर्मा पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम कोमाखान के छात्रा ओजस्वी पिता डा. मिठलेश ठाकुर ग्राम बिंद्रावन ने कक्षा आठवीं में 99.3 प्रतिशत अंक लाकर प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।



## प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा जिले के शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। 30 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हाउसिंग बोर्ड, अटल विहार कॉलोनी, रोजगार कार्यालय परिसर मचेवा में आयोजित होगा।

## निगम क्षेत्र में बिना अनुमति विज्ञापन होर्डिंग्स लगाना अवैधानिक

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम जगदलपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न चौक चौराहों पर विज्ञापन ट्रॉली खड़ा किया जाता है। विगत दिनों आंधी तूफान आने से ट्रॉली सड़क पर गिरा पाया गया साथ ही यातायात बाधित भी हो रहा है। कभी भी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत समस्त विज्ञापन ट्रॉली बंद करने का निर्णय निगम ने लिया है। निगम ने 24 घंटे के अंदर निकाय क्षेत्र से विज्ञापन ट्रॉली हटाने का निर्देश दिया है।

## जनचौपाल : लोगों से मुलाकात कर सुनी उनकी समस्याएं

# पिथौरा जनपद अध्यक्ष उषा ने क्षेत्र में लगाई जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा/पिथौरा

जनपद पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने शनिवार 26 अप्रैल को जनचौपाल, भेंट-मुलाकात का आयोजन 5 ग्रामों में तिलांजनपुर, सावित्रीपुर, भोजपुरी, रामपुर और बिजेमाल में किया गया।

जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे और जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और कई शिकायतों का तुरंत ही निराकरण किया गया और कुछ मांगे ग्रामवासियों का था, उस मांगों को जल्द ही पूरा करने को आश्वस्त किया गया।



इस जनचौपाल कार्यक्रम में जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा धृतलहरे, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, बसना विधायक के निजी सचिव नरेंद्र बोरे, पूर्व सरपंच सपोस बबीता बघेल, मंडल महामंत्री मनोज बारीक, झाडूराम परमार, विकास बघेल, गोकुलानंद प्रधान, सावित्रीपुर सरपंच कमल बारीक, बिजेमाल के सरपंच गुड्डू खान, आजूराम अनंत, राकेश पटेल, गणेश पटेल, सुशीला कुर्रे, धनुर्जय बंजारे, बसंत कुर्रे, केतब बारीक, दिलीप प्रधान, दिलीप बारीक, नरेश पांडा, शंकरलाल पांडा, किरण पटेल, दीपक अनंत व पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## द्रोणिका के असर से अंधड़ व गरज चमक के साथ हुई बारिश



**नर्रा।** क्षेत्र में बीते सप्ताहभर से पड़ रही भीषण गर्मी से लोग हलाकान थे। तामममान 42 ड्रिग्री पार हो गया था। सूरज आग उगल रहा था। क्षेत्र में द्रोणिका के असर से मौसम बदला और गरज चमक एवं तेज हवा के साथ रात में हल्की बारिश हुई है। दिन में बादल छाए रहने की वजह से धूप छांव का दौर जारी रहा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं सोमवार को साढ़े तीन बजे तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश हुई है। इस क्षेत्र के साधन संपन्न किसान रबी धान फसल ले रहे है। कुछ किसानों का फसल पककर तैयार हो गया है तो कुछ इक्का दुक्का किसानों ने रबी धान की कटाई की शुरूआत कर ली है। मौसम में बदलाव के कारण बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। कही पके फसल को नुकसान न पहुंचा दे, इसे लेकर किसान चिंतित है।

## अमरकंटक में 1 से 6 मई तक ध्यान योग शिविर

**महासमुंद।** समर्थ गुरुधारा मैत्री संघ छत्तीसगढ़ द्वारा 1 मई से 6 मई 2025 तक शांति कुटीर अमरकंटक में ध्यान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था की ओर से राज्य के संयोजक संतोष चंद्रा ने बताया कि यह आयोजन समर्थ गुरु सिद्धार्थ औलिया के मार्गनिर्देशन में हो रहा है। आचार्य दर्शन के साथ अनुभवी आचार्यों की टीम मौजूद रहेगी। इस शिविर में छह आचार्य अमरेश, आचार्य मां सीमा, आचार्य मां वंदना और आचार्य माँ जगदीश सलूजा शामिल हैं। शिविर में 1 से 3 मई तक ध्यान योग और निरति योग, 4 से 6 मई तक सुरति योग और अमृत योग का आयोजन किया जाएगा। नए साधक 1 से 3 मई तक ध्यान योग, योग के प्रथम तल में शामिल हो सकते हैं और अन्य साधक निरति योग और अमृत योग में 4 से 6 मई में शामिल हो सकते हैं। शिविर में अधिक से अधिक साधकों को भाग लेने महासमुंद से आचार्य अनिल वर्मा, जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने अपील की है। यह जानकारी महेश कुमार ध्रुव ने दी है।



# शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में 28 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में इस आतंकी हमले के शिकार दिवंगत पर्यटकों एवं पूर्व सैनिक स्वर्गीय पंकज चंद्राकर की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात पुष्प अर्पित एवं दीपदान कर स्वर्गीय पंकज चंद्राकर एवं आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित इस शोक सभा में अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने कहा कि पहलगाम में नाम और धर्म पूछ कर किया गया हमला यह दर्शाता है कि यह नरसंहार सांप्रदायिक घृणा से प्रेरित था। पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में हमले की निंदा करते हुए कहा कि पहलगाम का हमला केवल एक आतंकी हमला नहीं है, बल्कि हमारे धैर्य, शक्ति और चेतना की परीक्षा है। मंच संचालन करते हुए सरला सोनी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कश्मीर में हुए हमला देश की संप्रभुता पर हमला है और बदले में सरकार से अपेक्षा की जाती है कि हमले में शामिल आतंकी या उसके सहयोगी देश के दुश्मनों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। ताकि, भविष्य में वह भारत की ओर आंख उठाकर देखने का साहस न कर सके। पंकज चंद्राकर एवं सुमन पांडे ने स्व. पंकज चंद्राकर को अच्छे मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत शिक्षक के रूप में याद कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले को कायराना हरकत बताया। इस अवसर पर सुनीता चंद्राकर, देवदत्त चंद्राकर, पूर्व सैनिक युवराज चंद्राकर, केएल सोनी, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिंहा, सहदेव ध्रुव, लक्ष्मी चंद्र, मानिक राम, सरला सोनी, रोहिणी सिंहा, ज्योति चंद्राकर, पूजा चंद्राकर, सीमा वर्मा, रूचि घृतलहरे, स्वर्गीय पंकज चंद्राकर ग्रुप बागबाहरा के सभी सदस्य व ग्रामवासी मौजूद रहे।





## श्याम बालाजी कॉलेज में मनाया गया अक्षय तृतीया का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्याम बालाजी कॉलेज में अक्षय तृतीया का आयोजन किया गया। बीएड के छात्र–छात्राओं द्वारा परंपरागत गुड्डा– गुड्डी ( रुद्रा–गौरी ) की शादी करवा कर अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंकिता चंद्राकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए अक्षय तृतीया के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सनातन प्रथा परंपरा का अनुसरण करते हुए छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुड़िया की शादी करने की परंपरा है। छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में अक्षय तृतीया को अक्ती के नाम से जाना जाता है। इस विवाह के माध्यम से लोग अपने बच्चों को छत्तीसगढ़ संस्कृति से अवगत कराते हैं और उन्हें रस्मों के बारे में सिखाते हैं। इस दौरान गुड्डा-गुड़िया को तेल लगाने, हल्दी लगाने, सिर पर मुकुट बांधने, फेरे लेने और विदाई की रस्मों को निभाया जाता है। अक्षय तृतीया के दिन छत्तीसगढ़ में मनाई जाने वाली यह अनोखी परंपरा संस्कृति के बेहद करीब है। छात्रों ने इस अवसर पर संगीत, नृत्य और एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी लगाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित श्याम बालाजी महाविद्यालय की सचिव तारा चंद्राकर, विभागाध्यक्ष डॉ. संजय साहू, सहायक प्राध्यापिका उमा चौधरी, सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे, टीआर कुर्रे, आशी चंद्राकर, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा सहायक प्रध्यापकगण शामिल थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी तन्मय गोस्वामी एवं होमप्रकाश ठाकुर ने दी है।

# तालाब में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 के व्यापारी तालाब में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनि देव मंदिर के पास नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल एवं उपाध्यक्ष देवेश साहू ने किया। नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल व उपाध्यक्ष देवेश साहू ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। वर्तमान में व्यापारी तालाब के निवासियों की काफी समय से रोड की मांग थी, आज सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमिपूजन अध्यक्ष, पार्षदों व वरिष्ठ नागरिकों से कराया है। भूमिपूजन के बाद उपाध्यक्ष देवेश साहू ने वार्ड 2 व्यापारी तालाब मोहल्ले का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पार्षद मेनका साहू, मंता यादव, रमेश ठाकुर, शिवा जगत, बंशीलाल चंद्राकर, अवध चंद्राकर, हरि चंद्राकर, पंकज हरपाल, ताम्रध्वज बघेल, पोखराज साहू, लक्ष्मी साहू, दीपक यादव, विष्णु मयंक, देवेश छोटू, गुप्ता, संतोष चंद्राकर, समीर चंद्राकर, सोनू सहिस आदि मौजूद रहे।



# जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने की विधायक से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को आवेदन के माध्यम से अपने जनपद क्षेत्र साराडीह के सड़क व बिजली समस्याओं से अवगत कराया।

# संघ के शाखा संगम में जाना अर्थात त्रिवेणी संगम में जाने के बराबर : खगेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें वर्ष अर्थात शताब्दी वर्ष के निमित्त देशभर की शाखाओं में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस निमित्त महासमुंद नगर में शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से महासमुंद नगर के अलग-अलग बस्तियों में संघ की लगने वाली शाखाओं का एक स्थान केशव प्रभात शाखा गुरु गोविंद सिंग उद्यान के बाजू मैदान में यह आयोजन किया गया। जिसमें नगर के सभी शाखाओं के स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

शाखा संगम कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के जिला संपर्क प्रमुख खगेंद्र तारक ने कहा कि आज से कुछ माह पूर्व जो व्यक्ति कुंभ मेले में त्रिवेणी स्नान नहीं कर पाए हो, वे आज संघ के शाखा संगम कार्यक्रम में आकर उसका पुण्य लाभ प्राप्त कर लिए। संघ एक विशाल वट वृक्ष का रूप ले चुका है और यह विश्व का एकमात्र ऐसा स्वयंसेवी संगठन है जो हिंदू समाज के सहयोग फल फूल रहा है, उन्होंने कहा की आज संघ के पास गहराई, दिशा एवं गति ये तीनों प्रकार के कार्यकर्ताओं का समूह है और ये तीन कारण ही संघ को अन्य संगटनों से अलग करते है। उन्होंने कहा कि संघ के जो बाल स्वयंसेवक है वो संघ की गहराई है, और जो युवा व्यवसाई कार्यकर्ता है वो संघ को गति प्रदान कर रहे है, और जो संघ के प्रौढ़ स्वयंसेवक है वो आज संघ को दिशा प्रदान कर रहे है। संघ का ये जो विशाल वृक्ष है उसकी पत्तियां संघ के असंख्य कार्यकर्ताओं के समान है, और जो इसकी शाखाएं है वो विभिन्न क्षेत्रो में कार्य करने वाले विभिन्न संघठन है और जो इसकी विशाल जड़े है वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। संघ समाज से पंच परिवर्तन की बात करता है। ये पंच परिवर्तन है कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य बोध। तारक ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में संघ को प्रत्येक गांव तक लेकर जाना है। उन्होंने स्व का बोध कराते हुए कहा कि आज हमें स्वाधीन हुए 78 वर्ष हो गए, लेकिन अभी भी हम स्व के अधीन है, जिस दिन तंत्र भी हमारा होगा, सही मायने में हम उस दिन स्वतंत्र होंगे। उन्होंने शाखा के दृढ़ीकरण के लिए एक आदर्श शाखा कैसी हो, कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण, शाखा में आचार पद्धति का पालन, अष्ट बिंदु के पालन, अभ्यास वर्ग में शाखा की भूमिका, शाखा का इतिहास व शाखा पंजी एवं उपक्रम शील शाखा इन सभी बिन्दुओं के बारे में संक्षेप में बतलाया। कार्यक्रम में जिला संघचालक महेश चंद्राकर, नगर संघचालक भूपेंद्र राठौर, खंड संघचालक भगोली राम साहू तथा जिले एवं नगर के स्वयंसेवक उपस्थिति थे। उक्त जानकारी नगर प्रचार प्रमुख नितेश श्रीवास्तव ने दी।




# बैठक में संकुल समन्वयकों के कार्यों की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीआरसीसी कार्यालय महासमुंद में संकुल समन्वयकों की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, एपीसी संपा बोस तथा बीआरसीसी जागेश्वर सिंह की उपस्थिति रही।

बैठक में संकुल समन्वयकों के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अनेक प्रमुख विषयों पर चर्चा और निर्देश दिए गए। समग्र शिक्षा से प्राप्त समस्त सामग्री की पंजी तैयार कर उसे सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। एफएलएन के अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति की विद्यालयवार समीक्षा कर, विद्यालयों की ग्रेडिंग तैयार करने, प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी (पीएलसी) के कार्यों की समीक्षा करते हुए नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करने, प्रत्येक विद्यालय के विद्यार्थी विकास सूचकांक को अद्यतन बनाए रखने, एफएलएन मेंटरों को विद्यालय भ्रमण कर प्रगति रिपोर्ट तैयार करने, विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विशेष ध्यान देने, सभी छात्रों की अपार आईडी पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य करने, विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की पंजी पूर्ण एवं अद्यतन रखने, प्रत्येक विद्यालय में माहवार गतिविधियों का लेखा-जोखा रखने हेतु एक्टिविटी बुक तैयार करने को कहा गया। जिसमें विद्यालय का संक्षिप्त विवरण, स्टाफ सूची, यूथ इको क्लब और बाल कैबिनेट की जानकारी सम्मिलित हो। साथ ही बैठक में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 5 मई से 31 मई 2025 तक आयोजित सु-शासन तिहार के संबंध में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि इस अवधि में प्राप्त मांगों एवं शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। शिक्षा विभाग की टीम को इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहने एवं विभागीय समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि 30 अप्रैल को सभी विद्यालयों में बच्चों को परीक्षा परिणाम सुनाया जाए तथा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सोशल ऑडिट की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में समस्त संकुल समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि वे समस्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि शैक्षिक गुणवत्ता में सतत सुधार सुनिश्चित किया जा सकें।







